

# रोड-रेस्टोरेशन सहित कई फाइलें गायब, एडीएम की जांच में खुलासा

**एडीएम बोले- मैंने जांच पूरी करके जिलाधीश को दे दी, अब निर्णय वहीं से होगा**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जुलाई।** नगरपालिका शिवपुरी में हुए गड़बड़झाले की जांच कर रहे एडीएम दिनेशचंद्र शुक्ला ने अपना काम करके रिपोर्ट कलेक्टर को भेज दी। हालांकि उन्हें भी नगरपालिका की कुछ फाइलें नहीं मिल पाईं, जिसमें साढ़े 4 करोड़ की रोड रेस्टोरेशन की फाइल भी शामिल है। जांच रिपोर्ट देखने के बाद अगला स्टेप कलेक्टर को लेना है, साथ इसे वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को भेजकर राजनीतिक कार्यवाही के लिए सही तथ्य सामने रखने हैं।

शिवपुरी नगरपालिका में नपाध्यक्ष और पार्षदों के बीच चल रहे द्वंद को रोकने के लिए प्रशासन ने मामले की जांच कराए जाने का निर्णय लेते हुए एडीएम दिनेशचंद्र शुक्ला को कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने जांच अधिकारी नियुक्त किया। एडीएम ने उन सभी शिकायतों की जांच की, जो प्रशासन के समक्ष पार्षदों ने की थी। इसमें प्रमुख शिकायत नगरपालिका ऑफिस से फाइलें गायब होने की थी। इन फाइलों में रोड रेस्टोरेशन (सीवर प्रोजेक्ट में खुदी सड़कों की रिपेयरिंग) की 4.50 करोड़ रुपए की फाइल शामिल थी। यह भारी भरकम राशि वाली फाइल सहित अन्य कामों की फाइल भी एडीएम को नहीं मिली। सूत्रों की मानें तो वार्ड 33 की दो ऐसी भी फाइल मिलीं, जिसमें इंजीनियर और एई के फर्जी हस्ताक्षर करके 37 और 33 लाख के दो भुगतान निकाले गए। इसके अलावा एक भाजपा नेता के पुत्र के नाम से भी डेढ़ सैकड़ा फाइलें 99 हजार की बनाकर उनका भुगतान भी निकाला गया। सामने यह भी आया कि शहर विकास के लिए आई राशि को ठेकेदार और नपा के जिम्मेदारों ने बिना काम किए सिर्फ जेब भरी हैं।

## डीजल की बड़ी खपत की भी चर्चा

नगरपालिका शिवपुरी में हुए घोटालों में डीजल का भी एक बड़ा खेल है। जिसमें कथित तौर पर नपाध्यक्ष की गाड़ी के नाम पर हर महीने 1900 लीटर डीजल की खपत दर्शाई गई। जबकि अध्यक्ष के नाम पर केंद्रीय मंत्री के नजदीकी नेताओं की गाड़ियों में डीजल भरा जा रहा है। नियमानुसार नपाध्यक्ष को एक महीने में 150 लीटर डीजल खपत की अनुमति है, जिसे ताक पर रखकर 1900 लीटर डीजल खपत की जा रही थी।

# शिक्षक पर लगे झूठे आरोप! पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**दुष्कर्म मामले में राजीनामा के दबाव में रचा जा रहा जमीन विवाद का षड्यंत्र**

**शिवपुरी।** अमोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें एक शिक्षक पर जमीन पर अवैध पेड़ों की कटाई जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। लेकिन इस पूरे प्रकरण को लेकर पीड़िता के पिता और शिक्षक के ससुर ने पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को आवेदन देकर बताया है कि यह सब कुछ उनकी बेटी के साथ हुए दुष्कर्म प्रकरण के राजीनामा करने के लिए दबाव के लिए षड्यंत्र है।

पीड़िता के पिता ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती आवेदन में कहा कि उनकी बेटी के साथ नाहरी निवासी राकेश पाल पुत्र बाबूलाल पाल द्वारा दुष्कर्म किया गया था, जिसकी रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज है। अब आरोपित पक्ष की ओर से राजीनामा के लिए मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पीड़िता के दामाद, जो कि वर्तमान में डिंडोरी जिले में शासकीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं, को भी इस दबाव के तहत झूठे आरोपों में फंसाया जा रहा है।

**निष्पक्ष जांच की मांग:** पीड़िता के पिता और शिक्षक दामाद ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तथा जो वास्तविक दोषी हैं उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी अपील की कि उनके निर्दोष परिवार को इस तरह के झूठे और मनगढ़ंत आरोपों से परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि उनका उक्त भूमि से कोई लेना-देना नहीं है। वे एक शिक्षक हैं और शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। समाज में उनकी छवि एक जिम्मेदार और ईमानदार व्यक्ति की रही है, जिसे इस प्रकार के झूठे प्रकरणों से धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के झूठे आरोप उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने तथा दुष्कर्म प्रकरण में राजीनामा के लिए विवश करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं।

### जमीन पेड़ काटने का लगाया आरोप

दूसरी ओर, बाबूलाल पाल निवासी ग्राम नाहरी तहसील करैरा द्वारा एक अलग आवेदन देकर आरोप लगाया गया है कि दिनांक 8 जुलाई 2025 को जब वे एवं उनके परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिवपुरी में मौजूद थे, उसी दौरान उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाकर शिक्षक एवं अन्य लोगों ने ग्राम डुमघना स्थित उनकी वैध कृषि भूमि (सर्वे नंबर 130/1/1, रकबा 1 हेक्टेयर) पर जबरन वहां खड़े 100 से 200 हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई कर दी।

**दस्तावेजों से किया गया बचाव:** इन आरोपों के जवाब में पीड़िता के पिता ने कहा कि उनके दामाद दिनांक 8 जुलाई को अपने विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित थे, जिसकी पुष्टि संबंधित स्कूल के हेडमास्टर द्वारा अपना प्रमाणीकरण, उपस्थिति रजिस्टर और ई-अटेंडेंस एप के लोकेशन-आधारित स्क्रीनशॉट के माध्यम से की गई है। उक्त प्रमाण पत्र भी आवेदन के साथ संलग्न किए गए हैं।

## अब तक 356.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना।** मुरैना जिले में 01 जून से 10 जुलाई तक 356.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 141.2 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 215.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 10 जुलाई तक सर्वाधिक वर्षा मुरैना में 523 मिलीमीटर दर्ज की गई है। पोरसा में 404, सबलगढ़ में 382, जौरा में 313, कैलारस में 277 और अंबाह तहसील में सबसे कम 242.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# ओबीसी महासभा ने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**27 प्रतिशत आरक्षण बहाली की मांग**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जुलाई।** ओबीसी महासभा ने गुरुवार को मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांगों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण की बहाली, जातिगत जनगणना और लंबित नियुक्तियों को तत्काल बहाल करने की मांग शामिल रही।

प्रदर्शन से पहले कार्यकर्ता पोलो ग्राउंड में एकत्र हुए, जहां से रैली कोर्ट रोड, अस्पताल चौराहा और अग्रसेन चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां महासभा अध्यक्ष इंजीनियर गिर्राज दुलारा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और ओबीसी आयोग को संबोधित था। ज्ञापन में कहा गया कि आजादी के 75 साल बाद भी ओबीसी वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। 1931 के बाद से जातिगत जनगणना नहीं हुई, जिससे ओबीसी वर्ग की सही स्थिति सामने नहीं आ पाई। महासभा ने आरोप लगाया कि केंद्र ने जातिगत जनगणना की घोषणा तो की, लेकिन राज्य सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू नहीं कर पा रही है, जबकि इस पर कोई न्यायिक रोक भी नहीं है।

### 28 जुलाई को सीएम हाउस घेराव की चेतावनी

महासभा ने चेताया कि यदि 15 दिनों में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 28 जुलाई को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। इस प्रदर्शन को जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी और पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह का समर्थन भी मिला। विधायक कुशवाह ने कहा, कांग्रेस सरकार ने 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आकर ओबीसी वर्ग के हक को छीन लिया।

# लिपिक संघ ने अकाउंटेंट खरे पर जानलेवा हमले के विरोध में कलेक्टर-एएसपी को सौंपा ज्ञापन



**हमलावरों पर सख्त कार्रवाई एवं उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की मांग की**

शिवपुरी। मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ शिवपुरी द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ सहायक वर्ग 01 के पद पर कार्यरत जीपी खरे तथा उनके परिवार पर जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने एवं उन्हें सुरक्षा प्रदान करने हेतु एक ज्ञापन कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में उल्लेख है कि महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत सहायक वर्ग 01 के पद पर कार्यरत जीपी खरे एमआईजी 2-31 विवेकानंदपुरम फिजीकल रोड शिवपुरी में निवासरत हैं। 5 जुलाई की रात्रि को लगभग 10 बजे दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उनके मकान के दरबाजे के सामने मोटरसाइकिल रूकी और एक हमलावर ने मोटरसाइकिल से उतरकर श्री खरे के मकान में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में पहला फायर किया एवं दूसरा फायर सीधा उनके घर के मुख्य दरबाजे पर किया जिसकी गोली अंदर के दो दरबाजों को चीरते हुए लास्ट दीवार पर लगकर अलमारी में टकराकर लौटकर दरबाजे के पास आ गिरी और हमलावर फायर करके मोटरसाइकिल पर बैठे दूसरे बदमाश के साथ भाग निकले। इसके चलते श्री खरे एवं उनका परिवार भयभीत एवं दहशत में हैं।

इसी घटना को लेकर मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ शिवपुरी के जिलाध्यक्ष एचएस सोनवार के नेतृत्व में कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले को आज एक ज्ञापन सौंपकर शासकीय सेवक श्री खरे एवं उनके परिवार पर जानलेवा हमला करने वाले हमलावरों पर सख्त कार्रवाई एवं उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय पोहरी में किया गया नि :शुल्क सायकल वितरण

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 10 जुलाई।** नगर परिषद पोहरी के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोहरी में श्रीमती रश्मि नेपाल वर्मा अध्यक्ष, श्रीमती कृष्णलता संजीव शर्मा उपाध्यक्ष, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री अवधेश सिंह तोमर पार्षद प्रतिनिधि पप्पन खान, रिंकू देशमुख एवं अविभावकों की गरिमामय उपस्थिति में छात्र छात्राओं को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुरूप गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नि:शुल्क सायकल वितरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य भरत सिंह धाकड़ ने बताया कि आज पात्र 17 बालक एवं 02 बालिकाओं को निशुल्क सायकल प्रदाय की गई है। इस अवसर अतिथियों ने अपने अपने उद्बोधन में छात्रों को नियमित स्कूल आने की अपील करते बेहतर भविष्य के निर्माण में शिक्षा के महत्व को बताते हुए उन्हें गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं भी दी। उत्कृष्ट विद्यालय के समस्त स्टाफ की कड़ी मेहनत से गत वर्ष की तुलना में बोर्ड परीक्षा परिणामअच्छा रहा , इसके लिए भी अतिथियों ने विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। बच्चों में खुशी का माहौल नजर आया। प्राचार्य भरत सिंह धाकड़ ने पालकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील करते हुए आज के कार्यक्रम में उनकी गरिमामय उपस्थिति के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।



# राजेन्द्र कुमार को विदाई, सहायक आयुक्त पद पर डिंडोरी स्थानांतरित

**सम्मान में विभाग के स्टाफ ने आयोजित किया विदाई समारोह**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जुलाई।** जनजाति कार्य विभाग शिवपुरी में जिला संयोजक के पद पर कार्यरत रहे राजेन्द्र कुमार जाटव के सहायक आयुक्त पद पर पदोन्नत होकर जिला डिंडोरी स्थानांतरण के उपलक्ष्य में होटल स्टार गोल्ड पैलेस में भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन विभाग के स्टाफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभाग के समस्त कार्यालय स्टाफ, छात्रावास एवं आश्रम अधीक्षक, शिक्षण स्टाफ तथा अधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर बृजेन्द्र यादव मौजूद थे। समारोह में प्रभारी जिला संयोजक आर.के. सिंह, रेंजर गोपाल सिंह जाटव, कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य एस.पी. भार्गव और राजेन्द्र कुमार जाटव के परिवारजन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गफ्फार मोहम्मद खान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आर.सी. दिवाकर अधीक्षक उत्कृष्ट छात्रावास शिवपुरी ने किया।

अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने कहा, राजेन्द्र कुमार जाटव जैसे कर्मठ और अनुशासित अधिकारी किसी भी विभाग की पूंजी होते हैं। उन्होंने विभाग में अनुशासन, पारदर्शिता और जनजातीय छात्रों के हित में उल्लेखनीय योगदान दिया है। डिप्टी कलेक्टर बृजेन्द्र यादव ने कहा, राजेन्द्र जाटव ने जिस कठिन समय में विभाग की जिम्मेदारी संभाली, वह अत्यंत सराहनीय था। उनकी प्रशासनिक दक्षता और सरल स्वभाव ने सभी को प्रभावित किया। अपने विदाई उद्बोधन में सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार जाटव ने कहा, शिवपुरी की यह यात्रा मेरे लिए एक परिवार जैसा अनुभव रही। यहां के साथियों ने जिस प्रकार सहयोग और स्नेह दिया, वह मेरे हृदय में सदा अंकित रहेगा। मैं डिंडोरी में नई जिम्मेदारी के साथ भी वही समर्पण और प्रतिबद्धता लेकर कार्य करूंगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने राजेन्द्र कुमार जाटव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और भावभीनी विदाई दी। सफल विदाई समारोह कार्यक्रम की जिम्मेदार छात्रावास अधीक्षक आरसी दिवाकर और बृजेश जाटव द्वारा संभाली गई।

### भावनात्मक विदाई : नम हुईं आंखें

कार्यक्रम के दौरान राजेन्द्र कुमार जाटव के साथ लंबे समय तक कार्य कर चुके कार्यालय स्टाफ की आंखें भावुक हो उठीं। उनके सादगीपूर्ण व्यवहार, अनुशासनप्रियता और कर्मचारियों के प्रति अपनत्व के चलते हर कोई उनसे भावनात्मक रूप से जुड़ा रहा। कर्मचारियों ने विदाई के समय कहा कि उनके जैसा नेतृत्व दुर्लभ होता है।

### सफल कार्यकाल की झलक

राजेन्द्र कुमार जाटव ने उस समय जिला संयोजक का दायित्व संभाला जब विभाग लंबे समय से नेतृत्वविहीन था और व्यवस्थाएं अव्यवस्थित थीं। उन्होंने कुशल नेतृत्व, ईमानदारी और सतत प्रयासों से न केवल विभागीय संरचना को व्यवस्थित किया, बल्कि छात्रावासों की दशा में भी परिवर्तन किया। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में जनजातीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई। छात्रावासों में अनुशासन, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता और शिक्षण गतिविधियों में सुधार उनके प्रयासों की अमिट छाप है।

# फायरिंग कर दशहत फैलाने वाला युवक को गोराघाट पुलिस ने गिरफ़्तार कर जेल भेजा

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे के निर्देशन वं एसडीओपी बडोनी विनायक शुक्ला के मार्गदर्शन में फायरिंग कर दशहत फैलाने वाले आरोपी गोलू उर्फ अजय यादव निवासी डूंगरपुर को गिरफ्तार किया गया है, दरअसल घटना 4 जुलाई को फरियादी प्रीतम यादव उर्फ पीटू यादव पुत्र शुगर सिंह डोंगरपुर की रिपोर्ट पर से आरोपी गोलू यादव एवं अन्य दो के विरुद्ध हवाई फायर कर दहशत फैलाने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में रिपोर्ट पर से थाना गोराघाट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोराघाट निरीक्षक कमल गोयल द्वारा थाने पर तत्काल आरोपी की तलाश की गई, गोराघाट पुलिस द्वारा घटना के बाद से आरोपी के परिजन, रिश्तेदारी, तथा अन्य लोगों से पूछताछ कर जानकारी एकत्रित कर निरंतर आरोपी की तलाश की गई, लगातार तलाश के बाद गोराघाट पुलिस ने 9 जुलाई को आरोपी गोलू यादव उर्फ अजय यादव पुत्र रामकुमार यादव निवासी डोंगरपुर थाना गोराघाट जिला दतिया को गिरफ्तार किया जाकर घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का कट्टा जप्त किया गया है। बाद न्यायालय दतिया पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में सराहनीय भूमिका -निरीक्षक कमल गोयल थाना प्रभारी गोराघाट, सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रधान आरक्षक संतोष सगर , आर.मुकुल , आर.रॉकी रावत, आर.सुनील कुशवाह, आर.जितेंद्र बाजवा, आर.अनुज गुर्जर, आर.लवकेश साहू, आर.चालक कैलाश की सराहनीय भूमिका रही।

# दुष्कर्म करने बाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**इंदरगढ़।** पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया श्री सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में जिले में अपराधों के शीघ्र निराकरण व आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुनील कुमार शिवहरे एवं एसडीओपी महोदय सेवढा श्री अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इंदरगढ़ एवं उनकी टीम के व्दारा नाबालिग वालिका के साथ बलात्कार करने बाले आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 06.04.25 को फरियादी व्दारा थाना आकर रिपोर्ट किया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी लड़की को बहला फुसला कर भगाकर ले गया है । उपरोक्त रिपोर्ट पर से थाना इंदरगढ में अपराध क्रमांक 150/25 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया । पुलिस कार्यवाही- अपराध गंभीर किस्म का होने से थाना प्रभारी इंदरगढ़ निरीक्षक वैभव गुसा व्दारा टीम बनाकर दिनांक 06.07.25 को मुखविर की सूचना से नाबालिक वालिका को दस्तयाब किया एवं बालिका के कथन लेख किये गये । बालिका व्दारा आरोपी रामकुमार आदिवासी व्दारा अपने साथ ले जाना एवं बलात्कार करना बताया । बाद दिनांक 09.07.25 आरोपी रामकुमार उर्फ टनटन पुत्र विजय आदिवासी उम्र 25 साल निवासी सेवढा चुंगी दतिया को टंचिग ग्राउण्ड दतिया से गिरफ्तार किया।

# पत्रकार से अभद्रता और धमकी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मामला सिमरिया पंचायत सचिव व सरपंच पुत्र की दबंगाई और मनमानी का**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जुलाई।** जिले के नरवर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया में आरटीआई (सूचना का अधिकार) के तहत जानकारी मांगने पर पत्रकार नरवर क्षेत्र के पत्रकार साथी कमर खान निवासी वार्ड क्रं.11 मोमिनपुरा, नरवर के साथ नरवर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिमरिया के सचिव निर्भय रावत, महिला सरपंच के पुत्र शैलेन्द्र रावत के द्वारा की गई अभद्रता और जान से मारने की धमकी, मोबाईल छीनने जैसी घटना को लेकर समस्त पत्रकारों में रोष व्याप्त रहा और इस घटना के विरोध में जिला मुख्यालय पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ शिवपुरी जिला इकाई के तत्वाधान में एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर रविन्द्र चौधरी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी संजीव मुले को सौंपा गया। इस घटनाक्रम को लेकर पत्रकार कमर खान को सुरक्षा और आरटीआई के तहत मांगी जाने वाली जानकारी के एवज में अभद्रता करने वाले संबंधित दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ शिवपुरी जिला इकाई के अध्यक्ष रशीद खान के नेतृत्व में संभागीय कार्य.अध्यक्ष राजू यादव (ग्वाल), संभा.उपाध्यक्ष नेपाल बघेल, कार्य.अध्यक्ष राम यादव, कोषाध्यक्ष मणिकांत शर्मा, देवू समाधिया, फरमान अली, केदार सिंह गोलिया, इमरान खान, संजय ढींगरा, दीपक अरोरा, नरेश कुशवाह, मणिका शर्मा, मोनिका तोमर, पूनम पुरोहित, शालू गोस्वामी, शुभ्रा शर्मा, विकास दण्डौतिया, अन्नू श्रीधर, अरशद अली, राहुल शर्मा कोलारस, विपिन सचदेवा, नासिर खान, भानुप्रताप यादव, अरशद अली, यशपाल खन्ना, राजाबाबू बाथम, साहिल खाद, चांद पठान, धर्मेन्द्र जाटव, आदि सहित बड़ी संख्या में पत्रकारसाथी शामिल रहे।

## शा . महाविद्यालय इंदरगढ़ एवं सी एम राइज विद्यालय संयुक्त तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया

**इंदरगढ़।** पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया गया कार्यक्रम में श्री प्रज्ञानंद जी महाराज श्री जगदीश चंद्र पटसारिया जी श्री संत शरण व्यास जी महाराज के द्वारा अपने-अपने उद्बोधन छात्र छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया तथा गुरु शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के दौरान पधारे हुए अतिथियों को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री राघवेंद्र सिंह यादव एवं सी एम राईज विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री दिनेश परिहार के द्वारा शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन आदित्य गोस्वामी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम की व्यवस्था भारतीय ज्ञान परंपरा समिति प्रभारी डॉ सरिता सिंह द्वारा की गई कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ के साथ-साथ सी एम राईज विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा डॉ मुकेश कुमार मौर्य डॉ सचिन गौरी डॉ शबाना बानो धर्मेंद्र सुरेश नायक श्रीमती अर्चना पवैया आरती गौतम श्री पवन रजक श्रीमती कीर्ति श्रीवास्तव श्री रविकांत शिरोलिया गौतम जितेंद्र कुमार ज्योति कुशवाहा श्रीमती नया सक्सेना श्री कमलेश कुमार लोधी श्री भूपेंद्र सिंह जाटव उत्तम सिंह बघेल नीरज कारण श्री लतीफ खान आदि लोग उपस्थित रहे ।

## सांसद कुशवाह आज पोहरी के दौरे पर

**शिवपुरी।** ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह 11 जुलाई को पोहरी विधानसभा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री कुशवाह कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे और विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। सांसद भारत सिंह कुशवाह सुबह 9.30 बजे 17 ए गांधी रोड से धौलागढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 11 बजे धौलगढ़ से बावड़ी खोड़ सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन में भाग लेंगे। दोपहर 12 बजे सतनवाड़ा, नरवर रोड से सकलपुर सहरिया रोड़ का भूमिपूजन, दोपहर 12.30 बजे खजूरी से सहराना रोड़ का भूमिपूजन, दोपहर 1 बजे कुंअरपुर में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, दोपहर 1.30 बजे सिकरावदा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, दोपहर 2 बजे खौरघार में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन तथा 2.30 बजे कनाखेड़ी में पंचायत भवन/सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करेंगे। उसके बाद श्री कुशवाह शाम 4.30 बजे शासकीय उ.मा. विद्यालय छर्च में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम, कार्यकर्ताओं से संवाद एवं पंचायत भवन का भूमिपजन करेंगे।